कायाकल्प पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2021 को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के लिये 67 सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों को कायाकल्प पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रमुख बिंदु

- स्वास्थ्य मंत्री द्वारा प्रदान किये गए पुरस्कारों में वर्ष 2019-20 के लिये पाकुड़ ज़िला अस्पताल को एवं 2020-21 के लिये रामगढ़ तथा खूंटी ज़िला अस्पतालों को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इनके अतिरिक्त 32 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों **(PHCs)**, 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों **(CHCs)** तथा 28 स्वास्थ्य एवं देखभाल केंद्रों को भी कायाकल्प पुरस्कार प्रदान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि कायाकल्प पुरस्कार वर्ष 2015 से स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों को कैंपस में स्वच्छता बनाए रखने के लिये दिया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kayakalp-award-1